## गीडा ने जीरो प्वांइट पर लांच की बहुप्रतीक्षित कालेसर आवासीय योजना, आवास का सपना होगा पूरा

# 120 नई फैक्ट्रियां लगाने को मिलेगी जमीन

**उद्योग**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा की बहुप्रतिक्षित कालेसर आवासीय योजना लांच हो गई है। योजना में 120 औद्योगिक भूखंडों के साथ 60 कामर्शियल भूखंडों का आवंटन होगा। इसके साथ ही दो आवासीय योजनाओं को 296 भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। औद्योगिक भूखंडों के लिए आवेदन 10 फरवरी से शुरू होगा। 10 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। होली से पूर्व आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

**180** नए निवेशकों को मिलेगी जमीनें, छोटी-बड़ी यूनिटें खुलेंगी

**296** आवासीय भूखंड का भी होगा आवंटन गीडा के दो सेक्टरों में



■ औद्योगिक भूखंडों के लिए 10 फरवरी से शुरू होगा आवेदन, 10 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

### आवेदन के लिए इस लिंक पर जाएं

- गीडा वेबसाइट www. gidagkp. in
- आवासीय योजना की वेबसाइट https:// pms. gidaerp. in/ login. aspx
- औद्योगिक भूखंडों के लिए वेबसाइट www. niveshmitra. up. nic. in



"गीडा की वेबसाइट पर विवरण उपलब्ध है। आवासीय योजना और औद्योगिक भूखंडों के लिए आवेदन किया जा सकेगा। रेरा के मानकों पर आवंटन किया जाएगा।

– **अनुज मलिक**, सीईओ, गीडा

गीडा ने सेक्टर 13, 15, 26, 27 व 28 में औद्योगिक भूखंडों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऐसे भूखंडों की संख्या 120 है। इन भूखंडों को चार श्रेणी में बांटा गया है। 1000 वर्ग मीटर तक के, 1001 से 4000 वर्ग मीटर तक के, 4001 से 20000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। इसके साथ ही 20,000 वर्ग मीटर से अधिक बड़े भूखंड भी उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त सेक्टर 11 कालेसर योजना में व्यावसायिक श्रेणी के भी 60 भूखंड हैं। इनका आकार 13 हजार 307 वर्ग मीटर तक है।

गीडा की दो आवासीय योजनाओं में 296 भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनकी कीमत 1868 रुपये प्रति वर्ग फीट से लेकर 3114 रुपये प्रति वर्ग फीट तक होगी। कम कीमत वाले भूखंड आकार में छोटे होंगे। 3 हजार रुपये से अधिक कीमत वाले भूखंडों का आकार भी 3 हजार वर्ग फीट से अधिक होगा। भूखंडों के लिए 12 फरवरी से आनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों के लिए 10 से आवेदन शुरू होगा। सेक्टर 23 के आवासीय योजना के लिए अंतिम तिथि 7 मार्च तो सेक्टर 11 के लिए 17 मार्च होगी।

**124 एकड़ में विकसित हो रही योजना:** कालेसर-जगदीशपुर फोरलेन पर लगभग 124 एकड़ में कालेसर आवासीय योजना विकसित की जा रही है। शिलान्यास लोक चुनाव 2024 की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री योगी ने किया था। यहां कुल 242 आवासीय भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें 3228 वर्ग फीट के 10 भूखंड हैं। इनकी कीमत लगभग 3114 रुपये प्रति वर्ग फीट होगी। इन्हें ए श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह बी श्रेणी के भूखंडों की संख्या 39 है। इनका आकार 2690 वर्ग फीट है। इनकी कीमत भी ए श्रेणी के भूखंडों के बराबर होगी। सी श्रेणी के भी 39 भूखंड हैं। 2152 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले भूखंडों की कीमत लगभग 3020 रुपये प्रति वर्ग फीट होगी।

**डी श्रेणी के भूखंडों की संख्या है 80:** डी श्रेणी के भूखंडों का आकार लगभग 1937 वर्ग फीट है। इनकी संख्या 80 है। इसके लिए भी 3020 रुपये प्रति वर्ग फीट कीमत निर्धारित की गई है। ई श्रेणी के 43 भूखंडों का आकार 1614 वर्ग फीट है। इसकी कीमत लगभग 2835 रुपये प्रति वर्ग फीट निर्धारित की गई है। एफ श्रेणी के 15 भूखंड हैं। इनका आकार लगभग 1291 वर्ग फीट है। इनकी कीमत लगभग 2742 रुपये प्रति वर्ग फीट है। इसी तरह जी श्रेणी के भूखंडों का क्षेत्रफल लगभग 968 वर्ग फीट है। इनकी संख्या 16 है। गीडा की ओर से इसकी कीमत 2602 रुपये प्रति वर्ग फीट निर्धारित की गई है। वहीं सेक्टर 23 में गीडा की ओर से 54 भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यहां ए श्रेणी के भूखंडों की संख्या 20 है। इनका आकार 2582 से 3443 वर्ग फीट है। इसके लिए 2203 रुपये प्रति वर्ग फीट कीमत निर्धारित है।